collegebatch.com

**Series : AB4CD/3** **SET ~ 2**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **66/3/2**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 8 हैं ।
Please check that this question paper contains **8** printed pages.

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **12** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. *

# व्यावसायिक अध्ययन
# BUSINESS STUDIES

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 40*
*Time allowed : 2 hours* *Maximum Marks : 40*

collegebatch.com

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **12** प्रश्न दिए गए हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1-4**, **2** अंकों के हैं । यह लघु-उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं तथा इनका उत्तर **30-50** शब्दों में दीजिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **5-8**, **3** अंकों के हैं । यह लघु-उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं तथा इनका उत्तर **50-80** शब्दों में दीजिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **9-12**, **5** अंकों के हैं । यह दीर्घ-उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं तथा इनका उत्तर **80-120** शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । **2** अंकों के **1** प्रश्न में तथा **5** अंक प्रत्येक के **2** प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए है ।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में केस/स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।*

*

1. प्रबन्ध के एक कार्य की प्रक्रिया में प्रबन्ध प्रक्रिया के एक चक्र को पूरा करती है और पहचानी गई समस्याओं के संदर्भ में अगले चक्र में नियोजन में सुधार करती है ।

   उपरोक्त में चर्चित प्रबन्ध के कार्य की पहचान कीजिए तथा उल्लेख कीजिए । **2**

2. नियुक्तिकरण प्रक्रिया के उस चरण की पहचान कीजिए तथा उल्लेख कीजिए जो संगठन में रिक्तियों के लिए संभावित रोज़गार चाहने वालों के एक समुच्चय का सृजन करता है । **2**

3. 'नेतृत्व की लोकतंत्रीय शैली' का अर्थ दीजिए । **2**

4. 'गुजरात टेक्सटाइल्स लिमिटेड' को ₹ 80 करोड़ के कोष एकत्रित करने की आवश्यकता है । यह एक जन निर्गमन की लागत वहन नहीं कर सकती, अत: यह निर्णय लिया गया कि इसके समता अंशों का निर्गमन संस्थानिक निवेशकों जैसे भारतीय जीवन बीमा निगम तथा कुछ चयनित वैयक्तिक निवेशकों को किया जाए । गुजरात टेक्सटाइल्स लिमिटेड द्वारा लघुअवधि (फ्लोटेशन) नव निर्गमन विधि की पहचान कीजिए तथा समझाइए । **2**

5. एक कम्पनी के लाभांश निर्णय को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों का उल्लेख कीजिए । **3**

collegebatch.com

***General Instructions :***

*(i)* *This question paper contains **12** questions.*

*(ii)* *Question numbers **1 – 4** are of **2** marks. These are Short Answer Type Questions and are to be answered in **30-50** words.*

*(iii)* *Question numbers **5 – 8** are of **3** marks. These are Short Answer Type Questions and are to be answered in **50-80** words.*

*(iv)* *Question numbers **9 – 12** are of **5** marks. These are Long Answer Type Questions and are to be answered in **80-120** words.*

*(v)* *There is no over-all choice in the question paper. However internal-choice has been given in **1** question of **3** marks and **2** questions of **5** marks each.*

*(vi)* *This question paper contains Case/Source Based questions.*

1. One of the functions of management completes one cycle of management process and improves planning in the next cycle in the light of the problems that were identified in the existing plans. **2**

   Identify and state the function of management discussed above.

2. Identify and state the step in the process of staffing which creates a pool of prospective job seekers for vacancies in the organisation. **2**

3. Give the meaning of 'Democratic style of Leadership'. **2**

4. 'Gujarat Textiles Ltd.' needs to raise a fund of ₹ 80 crore. It cannot afford the cost of a public issue, so it was decided to allot its equity shares to institutional investors like LIC and some selected investors.

   Identify and explain the method of floating new issues used by 'Gujarat Textiles Ltd'. **2**

5. State any three factors affecting dividend decision of a company. **3**

collegebatch.com

6. समझाइए कि नियंत्रण कैसे 'स्रोतों के कुशल उपयोग' तथा 'कर्मचारी अभिप्रेरणा में सुधार' में सहायता करता है। **3**

7. 'ओबेराय एयरलाइन्स प्रा. लिमिटेड' के मानव संसाधन विभाग ने हाल ही में 11 पायलटों का चयन किया है। नये पायलटों को जटिल (परिष्कृत) उपकरणों का उपयोग करना है। इसके लिए मानव संसाधन प्रबंधक एक ऑफ-दी-जॉब (कार्येतर) प्रशिक्षण प्रोग्राम डिज़ाइन करना चाहता है जो कार्य पर उनके निष्पादन को सुधारने में उनकी सहायता करेगा।

   दी गई परिस्थिति में कम्पनी द्वारा उपयोग की जाने वाली प्रशिक्षण विधि की पहचान कीजिए तथा उसे समझाइए। **3**

8. वित्तीय प्रोत्साहनों का क्या अर्थ है ? किन्हीं दो वित्तीय प्रोत्साहनों का उल्लेख कीजिए। **3**

**अथवा**

कर्मचारियों को प्रशिक्षण से होने वाले किन्हीं तीन लाभों का उल्लेख कीजिए।

9. (i) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार एक उपभोक्ता का अर्थ दीजिए। **3**

   (ii) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार राज्य कमीशन में दोषपूर्ण वस्तुओं अथवा सेवाओं में कमी के किस मूल्य के लिए शिकायत दर्ज़ की जा सकती है ? **1**

   (iii) यदि पीड़ित पक्षकार राष्ट्रीय कमीशन द्वारा पारित आदेश से संतुष्ट न हो तो इसके आदेश के विरुद्ध अपील कहाँ की जा सकती है ? **1**

**अथवा**

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार एक उपभोक्ता के निम्न अधिकारों को समझाइए : **$2\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2} = 5$**

   (i) शिकायत का अधिकार

   (ii) सूचना का अधिकार

10. 'पूँजी बाज़ार' एवं 'मुद्रा बाज़ार' में निम्नलिखित के आधार पर अन्तर्भेद कीजिए : **5**

   (i) भाग लेने वाले

   (ii) प्रलेख

   (iii) संभावित प्रतिफल

   (iv) सुरक्षा

   (v) अवधि

collegebatch.com

6. Explain how controlling helps in 'making efficient use of resources' and 'improving employee motivation'. **3**

7. The Human Resource Department of 'Oberoi's Airlines Pvt. Ltd.' has recently selected 11 pilots. The new pilots have to handle sophisticated equipment. For this, the Human Resource Manager wants to design an off-the-job training programme which will help them to improve their performance on their jobs.

   Identify and explain the method of training that can be used by the company in the given situation. **3**

8. What is meant by financial incentives ? State any two financial incentives. **3**

**OR**

State any three benefits of training to employees.

9. (i) Give the meaning of a 'Consumer' as per Consumer Protection Act, 2019. **3**
   (ii) As per Consumer Protection Act, 2019, for what value of defective goods or deficient services can a complaint be filed at the State Commission ? **1**
   (iii) Where can an appeal against the order of National Commission be made if aggrieved party is not satisfied by its order ? **1**

**OR**

Explain the following rights of a consumer as per the Consumer Protection Act, 2019 : **2½ + 2½ = 5**
(i) Right to be heard
(ii) Right to be informed

10. Differentiate between 'Capital Market' and 'Money Market' on the basis of following : **5**
   (i) Participants
   (ii) Instruments
   (iii) Expected Return
   (iv) Safety
   (v) Duration

collegebatch.com

11. एन बी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी सीमेंट निर्माणी कम्पनी है । इसके प्रचालन 17 आधुनिक सीमेंट कारखानों के साथ सम्पूर्ण देश में फैले हुए हैं । इसके पास 9,000 व्यक्तियों का कार्मिक-बल है ।

इसके प्रारंभ से ही कम्पनी सीमेंट उद्योग में पथ- प्रदर्शक रही है । कम्पनी दीर्घ-अवधि में विकास की योजना बना रही है और अगले 3 वर्षों में इसकी क्षमता को दुगुना करना चाहती है ।

इसके लिए वित्तीय प्रबंधक को विभिन्न दीर्घ-कालीन स्रोतों द्वारा वित्त एकत्रित करने की मात्रा के बारे में निर्णय लेना है । इसके लिए उसे उपलब्ध वित्त के विभिन्न स्रोतों तथा प्रत्येक स्रोत के अनुपात को पहचानने की आवश्यकता है । 5

(i) वित्तीय प्रबन्धक द्वारा लिए जाने वाले वित्तीय निर्णय को पहचानिए ।

(ii) उपरोक्त (i) में पहचाने गए निर्णय को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार घटकों का उल्लेख कीजिए ।

**अथवा**

मायरा लिमिटेड, जो टेलीविज़नों की निर्माता है, अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहती है और इसके लिए उसे ₹ 250 करोड़ की आवश्यकता है । कम्पनी के पास निवेश के लिए बहुत-सी परियोजनाएँ उपलब्ध हैं तथा प्रत्येक परियोजना का मूल्यांकन बहुत सावधानीपूर्वक करना होता है । कम्पनी के वित्तीय प्रबन्धक ने प्रत्येक परियोजना को प्रतिफल की दर के अनुसार आकलित किया है तथा वह उच्च प्रतिफल-दर वाली एक परियोजना का चयन करना चाहता है । लेकिन परियोजना के चयन से पहले उसे कुछ अन्य घटकों को भी ध्यान में रखना है ।

(i) उपरोक्त अनुच्छेद में वर्णित वित्तीय निर्णय को पहचानिए और उल्लेख कीजिए ।

(ii) परियोजना के चयन से पूर्व वित्तीय प्रबन्धक द्वारा ध्यान में रखे जाने वाले दो अन्य घटकों को समझाइए ।

12. एल्फा लिमिटेड के मानव संसाधन प्रबंधक को जो एयर-कंडीश्नर निर्माण में एक अग्रणी कम्पनी है, विभिन्न पदों के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है । वह भर्ती के एक ऐसे स्रोत को चुनना चाहता है जहाँ संभावित अभ्यर्थियों की पृष्ठभूमि के बारे में पर्याप्त ज्ञान हो । वह जानता था कि वर्तमान कर्मचारियों अथवा उनके मित्रों एवं सम्बन्धियों द्वारा सिफारिश किए गए अभ्यर्थी भर्ती का एक अच्छा स्रोत सिद्ध हो सकता है । 5

(i) उपरोक्त अनुच्छेद में वर्णित भर्ती के बाह्य स्रोत को पहचानिए ।

(ii) भर्ती के बाह्य स्रोतों के किन्हीं चार लाभों का उल्लेख कीजिए ।

collegebatch.com

11. NB Ltd. is India's largest manufacturer of cement. Its operations are spread throughout the country with 17 modern cement factories. It has a work force of 9,000 persons.

Since its inception, the company has been a trendsetter for the cement industry. The company is planning to grow in the long-run and wants to double its capacity in the next 3 years.

For this the Finance Manager has to decide about the quantum of finance to be raised from various long-term sources. For this he needs to identify various available sources of funds and the proportion of funds from each source. **5**

(i) Identify the financial decision to be taken by the Finance Manager.

(ii) State any four factors which would affect the decision identified in (i) above.

**OR**

Myra Ltd., manufacturing televisions, is planning to expand its business and requires ₹ 250 crore for the same. A number of projects are available to the company to invest in and each project has to be evaluated carefully. The Finance Manager of the company, has assessed the projects in terms of the rate of return from each project and wanted to select the one with the higher rate of return. But before selecting the project he has to take into consideration other factors also.

(i) Identify and state the financial decision discussed in the above para graph.

(ii) Explain two other factors that the Finance Manager should consider before selecting the project.

12. The Human Resource Manager of Alfa Ltd., a leading air-conditioner manufacturer requires employees for various posts. He wanted to opt for a source of recruitment where background of potential candidates is sufficiently known. He knew that applicants introduced by present employees or their friends and relatives may prove to be a good source of recruitment. **5**

(i) Identify the external source of recruitment discussed in the above paragraph.

(ii) State any four advantages of external sources of recruitment.

*